तापमान
अधिकतम 41.0 डिग्री
न्यूनतम 27.0 डिग्री

हरिभूमि
# रायगढ़-जशपुर भूमि
बिलासपुर, मंगलवार, 30 अप्रैल 2024



सारंगढ में रन टू वोट का आयोजन





बवासीर का आधुनिक इलाज
अत्याधुनिक लेजर मशीन द्वारा
भर्ती की आवश्यकता नहीं
मरीज सुबह आकर शाम को घर जा सकता है
स्व. डॉ. सत्यप्रकाश गुप्ता मेमोरियल हॉस्पिटल
लायंस चौक, चाम्पा
गुप्ता हॉस्पिटल
डॉ. शुभम् गुप्ता
गुदा रोग विशेषज्ञ
संपर्क करें :- 7400009183

शासन स्तर पर अटकी प्रक्रिया, जांच की रिपोर्ट पाने भटक रहे मरीज

# लैब में इक्यूप्मेंट की कमी, मेकाहारा में 2 माह से अटकी बायोप्सी रिपोर्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

मेडिकल कॉलेज के पैथोलॉजी लैब में इक्यूप्मेंट की कमी की वजह से करीब दो माह से बायोप्सी जैसी कई जांच की रिपोर्ट अटकी हुई है। सूत्र बता रहे हैं कि इक्यूप्मेंट नहीं होने की वजह से दो माह से सैंपल पड़ा हुआ है और जांच नहीं हो पाई है। ऐसे इक्यूप्मेंट के लिए मांग भेजी गई है, किंतु अब तक मांग की पूर्ति नहीं होने की वजह से मरीज के परिजनों को भटकना पड़ रहा है।

इस संबंध में रामभांठा निवासी निवासी अनूप सिंह ठाकुर ने बताया कि उन्होंने अपनी पत्नी की डिलीवरी के लिए बीते 27 फरवरी को मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया था। डिलीवरी के बाद बायोप्सी जांच के लिए सैंपल लेकर लैब में जमा कर दिया। लैब के कर्मचारियों ने उन्हें बताया कि करीब 20 दिन में जांच रिपोर्ट मिल जाएगी। हालांकि उन्हें सैंपल लेते समय यह नहीं बताया गया था कि किन कारणों से अधिक समय लग सकता है। सैंपल जमा करने के बाद करीब 3 से 4 बार में वे मेडिकल कॉलेज जांच रिपोर्ट लेने जा चुके हैं। किंतु इक्यूप्मेंट नहीं होने की बात कहते हुए जांच रिपोर्ट आने में समय लगने की बात कही जा रही है।



### वित्तीय मामलों की प्रक्रिया अटकी

सूत्र बता रहे है कि लैब के इक्यूप्मेंट की खरीदी के लिए नियमों में बदलाव हुआ है। जिसकी वजह से कुछ वित्तीय मामलों की वजह से खरीदी अब तक नहीं हो पाई है। हालांकि मेडिकल कॉलेज की ओर से इक्यूप्मेंट की कमी होने और आवश्यक इक्यूमेंट की सूची भेज दी गई है।

### दो माह में 500 सैंपल की जांच लंबित

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार लैब में बीते करीब दो माह से इक्यूप्मेंट की कमी बनी हुई है। जो अब तक दूर नहीं हो सकी है। हालांकि इस पर अधिकारी नियमित जांच होने की बात कह रहे हैं। किंतु सूत्रों के हवाले से प्राप्त जानकारी के अनुसार हर दिन बायोप्सी के लिए करीब 8 से 10 सैंपल आते हैं। इस हिसाब से बीते दो माह से करीब बायोप्सी के करीब 500 सैंपल बिना जांच के पड़े हुए हैं।

### इलाज करने में भी आ रही समस्या

अहम बात यह है कि जांच के लिए सैंपल लिए जाने के करीब दो माह बाद भी रिपोर्ट प्राप्त नहीं होने की वजह से मरीजों की समस्याएं बढ़ रही हैं। दरअसल जो सैंपल लिए गए हैं उनके आधार पर ही आगे इलाज किए जाने थे किंतु अब जांच की रिपोर्ट प्राप्त नहीं की वजह से इलाज की आगे की प्रक्रिया भी अटकी हुई है। वहीं चिकित्सक भी जांच रिपोर्ट का इंतजार कर रहे हैं, जिसके आधार पर वे मरीज का इलाज करेंगे।

### हो रही मैनुअल जांच

लैब के इक्यूप्मेंट के लिए कुछ वित्तीय प्रक्रियाएं शासन स्तर पर प्रक्रियाधीन हैं। इन प्रक्रियाओं के पूरा होने होते ही मांग अनुरूप इक्यूप्मेंट मिल जाएंगे। फिलहाल मैन्युअल व सेमी ऑटोमैटिक तरीके से जांच चल रह हैं।

**डॉ. मनोज कुमार मिंज**
एचओडी, मेकाहारा लैब

# 30 फीसदी बढ़ा लोड, एक करोड़ यूनिट से अधिक की खपत

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

शहर में बीते कुछ दिनों से अलग अलग इलाकों में ट्रांसफार्मर जलने की घटनाएं सामने आ रही हैं। इसकी मुख्य वजह बिजली की क्षमता से अधिक खपत को माना जा रहा है। अप्रैल माह में खपत करीब 30 फीसदी बढ़ गया। ऐसे में ट्रांसफार्मरों पर लोड़ भी क्षमता से अधिक हो गया है। गौरतलब है कि वर्तमान में तापमान 40 से 42 डिग्री तक जा पहुंचा है। जिसकी वजह से सुबह करीब 9 बजे से ही सूर्य की तपिश महसूस हो रही है। जो सुबह 11 बजे से ही झुलसा रही है। दोपहर के वक्त तो गर्म हवाएं और सूरज की तपीस लोगों को जीना मुहाल कर रही है। स्थिति यह है कि शाम करीब 7 बजे तक गर्म हवाएं गर्मी का एहसास करा रही हैं। ऐसी स्थिति में लोग गर्मी से राहत पाने के लिए घरों में कुलर व एसी का सहारा ले रहे हैं। शहर में गर्मी बढ़ने के साथ ही बिजली की खपत भी बढ़ गई है। ऐसे में लगे ट्रांसफार्मर्स में लगातार लोड बढ़ रहा है, अत्यधिक लोड़ होने के कारण ट्रांसफार्मर लोड नहीं झेल पा रहे और इसमें आग लगने की समस्या सामने आ रही है। ज्ञात हो कि बीते कुछ दिनों में शहर के भीतर 2 जगहों पर ट्रांसफार्मर में आग लगने की घटना सामने आ चुकी है।

### 3 करोड़ यूनिट औसत खपत

जानकारी के अनुसार शहर की बिजली की औसत खपत 3 करोड यूनिट है। आम तौर पर बीते वर्षो गर्मियों में करीब 10 से 15 फीसदी तक ही बढ़ी थी। किंतु इस बार 30 फीसदी तक खपत बढ़ गया है। यानी शहर के ट्रांसफार्मर अपनी क्षमता से अधिक करीब 1 करोड़ यूनिट अधिक लोड़ झेल रहे हैं।

### 15 दिनों में बदले 8 ट्रांसफार्मर

विभाग की मानें तो बीते करीब 15 दिनों के भीतर में शहर में आग लगने और ओवरलोडिंग की वजह से खराब हुए करीब 8 ट्रांसफार्मर को बदला जा चुका है। शहर में कुछ ऐसे क्षेत्र हैं जहां लगातार लोड बढ़ क्षमता से काफी अधिक बढ़ रहा है। वहीं पूरे शहर की बिजली खपत अप्रैल माह में ही करीब 30 फीसदी तक बढ़ चुकी है। जबकि आम तौर पर हर साल 10 से 15 फीसदी खपत बढ़ता है। किंतु इस बार गर्मी ने इस रिकार्ड को भी तोड़ डाला।

## खबर संक्षेप

### चपले में साय, रायगढ़ में बघेल की आमसभा आज

**रायगढ़।** लोकसभा चुनाव का तीसरे चरण का मतदान 7 मई को होना है। मतदान के करीब आते ही दोनों ही राष्ट्रीय पार्टी कांग्रेस और भाजपा के दिग्गज नेताओं का आम सभा और जनसंपर्क और नुक्कड़ सभा में तेजी आई है। प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का रायगढ़ आगमन 30 अप्रैल शाम 6:30 बजे हो रहा है। वहीं मंगलवार को ही प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय खरसिया विधानसभा क्षेत्र के चपले में सुबह 11 बजे आम सभा और जनसंपर्क का कार्यक्रम रखा गया है। साय दोपहर 2 बजे ग्राम डूमरपाली खरसिया दोपहर 3 बजे ग्राम जामपाली शाम 4 बजे ग्राम काशीचुंआ शाम 5 बजे ग्राम डोगीतराईए शाम 6 बजे ग्राम कुशवाबहरी शाम 7 बजे हरदीझरिया खरसिया में कार्यक्रम रखा गया है। जिसमें लोकसभा प्रत्याशी भी उपस्थित रहेंगे । वहीं भूपेश बघेल शायं 7 बजे रायगढ के रामभाटा में आमसभा को संबोधित करेंगें। बघेल रायगढ में ही रात्रि विश्राम करेंगें।

### कॉलेज में कम्प्यूटर साक्षरता का प्रथम बैच पूर्ण

**रायगढ़।** उत्तम मेमोरियल कॉलेज रायगढ़ के चेयरमैन गौतम चौधरी के निर्देशानुसार तथा डायरेक्टर संजय चौधरी एवं संतोष चौधरी के मार्गदर्शन में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी 15 दिवसीय निशुल्क कंप्यूटर साक्षरता प्रशिक्षण के प्रथम बैच का शुभारंभ किया गया था। आज उपरोक्त कार्यक्रम का समापन समारोह आयोजन संपन्न हुआ। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. गोमती सिंह ने अपने उद्बोधन में कंप्यूटर साक्षरता के बारे में विस्तृत चर्चा की। 15 दिवसीय निशुल्क कंप्यूटर साक्षरता प्रशिक्षण के अंतर्गत सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता साक्षात्कार कविता लेखन एवं मुख्य परीक्षा में प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान अर्जित करने वाले छात्रों को प्रतीक चिन्ह एवं प्रमाण पत्र से सम्मानित किया गया तथा प्रशिक्षण में भाग लेने वाले छात्र-छात्राओं को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

### 2 लाख 38 हजार की शराब और लाहन नष्ट

**रायगढ़।** सारंगढ़ जिला आबकारी अधिकारी सोनल नेताम के मार्गदर्शन में 48 हजार मूल्य का शराब और 1 लाख 90 हजार मूल्य का लाहन कुल लगभग 238000 रुपए का सामग्री जप्त किया गया। आबकारी विभाग वृत्त सारंगढ़ को सूचना मिली की ग्राम शांतिनग़र चौकी कनकबीरा में भारी मात्रा में अवैध कच्ची महुआ शराब का निर्माण किया जाता हैए जिसे गांव के बाहर एवम आसपास के क्षेत्रों में इसको विक्रय किया जाता है स सूचना की पुष्टि होने पर टीम के साथ बताए गए स्थान शांतिनगर के जंगल पर पहुंचे। स्थल पर सफेद रंग के पॉलीथिन तथा बालटियों में भरी क़रीब 220 लीटर कच्ची महुआ शराब तथा बड़े बड़े ड्रमों, बालटियों में महुआ शराब बनाने के लिए महुआ लाहन जिसकी कुल मात्रा लगभग 3800 किलोग्राम है, को जब्त किया गया। कच्ची महुआ शराब को आबकारी टीम द्वारा कब्जा किया गया एवम विधिवत रूप से महुआ लाहन का नष्टीकरण किया गया स अज्ञात आरोपी के विरुद्ध छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम धारा 34,1,क च, 34,2 का, प्रकरण कायम कर विवेचना में लिया गया है। आरोपियों की पतासाजी की जा रही है। वही दूसरे प्रकरण में शांतिनग़र चौकी कनकबीरा में आरोपी फ़ाग़ुलाल थुरिया के रिहायशी मकान की तलाशी में फ़ाग़ुलाल के क़ब्ज़े से 20 लीटर कच्ची महुआ शराब बरामद हुआ।

# शाह के एडिट किए वीडियो को लेकर बीजेपी की प्रेसवार्ता




हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़


तेलंगाना के एक कार्यक्रम में गृहमंत्री अमित शाह के वीडियो को कांग्रेस ने छेड़छाड़ करते हुए जिस तरह वायरल किया। भाजपा उसकी निंदा करती है। यही नहीं हार के भय से एडिटेट वीडियो वायरल करने वाले तत्वों के खिलाफ एफआईआर भी दर्ज होगा। यह कहना है। पूर्व मंत्री सत्यानंद राठिया का राज्यसभा सांसद देवेंद्रप्रताप सिंह, पूर्व मंत्री सत्यानंद राठिया, जिला भाजपा उपाध्यक्ष महेश साहू ने जिला भाजपा कार्यालय में गृहमन्त्री अमित शाह के एडिटेड वीडियो वायरल किए जाने के मामले में मीडिया के समक्ष अपनी बातें रखी। जिला भाजपा कार्यालय में आयोजित पत्रकारवार्ता में पूर्व मंत्री सत्यानंद राठिया ने दावा किया चूंकि नरेंद्र मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने वाले हैं, इसलिए कांग्रेसियों में भय उत्पन्न है, बौखलाहट है। कांग्रेस ने तेलंगाना के वीडियो को जिस तरह तोड़मरोड़ कर वायरल किया, उसकी हम कड़े शब्दों में निंदा करते हैं। असल वीडियो भाजपा के पास आ चुकी है। दिल्ली सायबर सेल के माध्यम से असलियत सामने आ जाएगी। वहीं जिला भाजपा अध्यक्ष उमेश अग्रवाल ने भी दावा करते हुए कहा वीडियो को एडिट किया हुआ फाल्स है। हम रायगढ़ में भी एफआईआर दर्ज कराएंगे। भाजपा लोकसभा में 400 पार करने पूरी ऊर्जा झोंक चुकी है और नरेंद मोदी फिर देश की बागडोर सम्हालेंगे। इस अवसर पर जिला भाजपा अध्यक्ष उमेश अग्रवाल, श्रीकांत सोमावार, मनीष शर्मा, ओंकार तिवारी भी प्रमुख रूप से मौजूद थे।

# हाइवा ने बाइक सवारों को रौंदा, वृद्ध की मौत, युवक घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

पूंजीपथरा थाना क्षेत्र अंतर्गत तराईमाल के पास एक बाइक पर सवार दो व्यक्ति बेलगाम हाइवा की चपेट में आ गए। जिसमें वृद्ध की मौत हो गई, वहीं युवक घायल हो गया। वहीं कोतरा रोड़ थाना क्षेत्र के बरमुड़ा में एक अज्ञात युवक और घरघोड़ा थाना क्षेत्र के अंतर्गत भेडरा बायपास रोड के पास एक अज्ञात युवती की लाश मिली है। इन तीनों मामलो में पुलिस ने जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

घरघोड़ा थाना क्षेत्र अंतर्गत नलवा स्टील प्लांट तराईमाल के पास हुए हादसे के संबंध मिली जानकारी के अनुसार बाइक क्रमांक सीजी 13 वाय 7535 में सवार नंदकिशोर राठिया और उसका नाना हर्राडीह जा रहे थे। जब वे दोनों तराईमाल स्थित नलवा स्टील प्लांअ के पास पहुंचे तो एक तेज रफ्तार हाइवा ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया। इस दुर्घटना में जहां नंदकिशोर राठिया बाइक से दूर जा गिरा, जिसके कारण वह घायल हो गया। वहीं उसका नाना हाइवे के पिछले चक्के की चपेट में आ गया, जिससे उसकी मौत हो गई। दुर्घटना के बाद हाइवा चालक मौके से फरार हो गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंचे जहां घायल युवक को अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहीं शव को भी पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल के शव गृह में रखवाया गया है। बताया जा रहा है कि पुलिस ने हाइवा को कब्जे में ले लिया है और फरार हाइवा चालक की तलाश की जा रही है।



दूसरी घटना घरघोड़ा थाना क्षेत्र का है। जहां ग्राम पंचायत भेंडरा में झाड़ियों के भीतर एक युवती की लाश बरामद की गई है। देखने से ऐसा लग रहा है कि लाश को घास फूस से ढका गया था। सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेजा गया है। समाचार लिखे जाने तक मृतिका की शिनाख्ती नहीं हो पाई है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत भेंडरा सीमा से लगे बाय पास से भेंडरा जाने वाले सड़क के पास युवती की लाश को कुछ ग्रामीणों ने देखा। घटना के बारे में सरपंच पति को सूचित किया गया। इसके बाद सरपंच पति द्वारा घरघोड़ा पुलिस को सूचना दी गई। मौके पर जब पुलिस पहुंची तो लाश घास से ढकी हुई थी। मृतका काले रंग की लेगिंग्स और हरे रंग का टॉप पहने हुई है। मृतिका की उम्र करीब 20 से 24 वर्ष के मध्य बताई जा रही है। घटना में हत्या की आशंका जताई जा रही है। हालांकि पुलिस की तरफ से हत्या को लेकर अभी कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है। मृतिका की शिनाख्ती के साथ ही आसपास से सबूत खंगाले जा रहे है। अभी पुलिस मामले की हर तरह से जांच कर रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद काफी कुछ साफ होने की उम्मीद है।

वहीं तीसरा मामला कोतरा रोड थाना क्षेत्र का है। जहां सोमवार की सुबह ग्राम बरमुडा बड़े तालाब के नीचे एक अज्ञात व्यक्ति का शव पड़ा होने की सूचना पुलिस को मिली। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार ग्राम कोटवार उत्तरादास महंत निवासी बरमुड़ा द्वारा गांव के बड़े तालाब के नीचे नाला कीचड़ में एक अज्ञात पुरुष का शव पड़े होने की सूचना दी गई। सूचना मिलने पर कोतरारोड पुलिस जांच के लिए ग्राम बरमुडा पहुंची। जहां नाला कीचड़ में मृतक अज्ञात पुरुष उम्र करीब 40-45 वर्ष का शव पड़ा मिला। शव में किसी जगह चोट, खरोच का निशान नहीं दिखा। शव के कुछ दिन पुराना होने से शरीर में कीड़े लग गए थे, मृतक नाइक कंपनी का स्लेटी कलर का निकर पहना हुआ है। मृतक की पहचान एवं उसके वारिसानों का पता लगाने जांचकर्ता पुलिस अधिकारी द्वारा आसपास गांव में मुनादी कराया गया, मृतक का पता नहीं चला है। मामले में कोतरारोड़ पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर शव को मरच्युरी में रखवाया गया है। सड़क दुर्घटना की एक अन्य घटना सोमवार सुबह उर्दना के पास घटित हुई जहा एक तेज रफ्तार पिकअप अनियंत्रित होकर पलट गई और पिकअप में सवार आधा दर्जन से अधिक लोग घायल हो गए। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को अस्पताल पहुंचाया।

# वेस्ट मैनेजमेंट का अवलोकन करेगी बिलासपुर निगम की टीम

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

शहरों को स्वच्छ बनाने के लिए स्वच्छ भारत मिशन के तहत अभियान चलाया जा रहा है। निकायों में काम सही तरीके से हो रहे हैं या नहीं इसकी जांच के लिए शासन ने क्रॉस वेरीफिकेशन करने का आदेश दिया है। मतलब एक निकाय क्षेत्र की जांच दूसरा निकाय करेगा। रायगढ़ नगर निगम क्षेत्र में बिलासपुर निगम की टीम पहुंचेगी। शहरों में सफाई का स्तर सुधरा है लेकिन अभी इसमें बेहतर करने की गुंजाइश है। सरकार भी लगातार निरीक्षण कर इसमें इकाइयों को बेहतर करने का आदेश देती है। लंबे समय से नगरीय निकाय क्षेत्रों में निरीक्षण नहीं हुआ है। इस वजह से व्यवस्था सुधर नहीं रही है। छोटी इकाइयों में हालत ज्यादा खराब है। इसका परीक्षण करने के लिए शासन ने निकायों के बीच ही क्रॉस मॉनिटरिंग करने का आदेश दिया है। इसके तहत डोर टू डोर कचरा कलेक्शन, प्रोसेसिंग, डिस्पोजल से संबंधित घटकों का निरीक्षण, एसटीपी का निरीक्षण, सार्वजनिक स्थानों, नाले, नालियों की सफाई आदि गतिविधियों पर प्रतिवेदन तैयार किया जाएगा। 30 अप्रैल तक जांच प्रतिवेदन सौंपने का आदेश दिया गया है। नगर निगम रायगढ़ क्षेत्र में बिलासपुर ननि की टीम पहुंचेगी। नपा खरसिया क्षेत्र में नपं पुसौरए नपं धरमजयगढ़ में नपा सारंगढ़ए नपं घरघोड़ा में नपं धरमजयगढ़, नपं लैलूंगा में नपं किरोड़ीमल नगर, नपं सरिया में नपं बरमकेला, नपं बरमकेला में नपं सरियाए नपं किरोड़ीमल नगर में नपं लैलूंगा, नपं पुसौर में नपा खरसिया के दल को भेजा गया है। शहर में अभी भी कई मोहल्ले ऐसे हैंए जहां डोर टू डोर कचरा संग्रहण नहीं हो रहा है। केलो नदी में गंदा पानी छोड़ा जाना पूरी तरह से बंद नहीं किया गया है। एसएलआरएम सेंटर भी बंद पड़े हैं। शहर का आधा कचरा भी मुश्किल से प्रोसेस हो रहा है। निगम खुद डंप किए गए कचरे को जला रहा है।



# विश्व पशु चिकित्सा दिवस पर जेएसपी फाउंडेशन ने लगाया चिकित्सा शिविर



**रायगढ़।** लोगों को पशु स्वास्थ्य व उनके महत्व के बारे में शिक्षित करने और उन्हें अपने पशुधन को बेहतर देखभाल के लिए प्रोत्साहित करने विश्व पशु चिकित्सा दिवस का आयोजन किया जाता है। जे एस पी फाउंडेशन द्वारा उप संचालक शासकीय पशु चिकित्सा सेवायें रायगढ़ की सहभागिता में संबलपुरी आदर्श गोठान के गो.धन के बेहतर उपचार व देखभाल के लिए पशु चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया और विशेषज्ञ चिकित्सकों की देखरेख में 53 गो वंश का उपचार किया गया और निःशुल्क दवाइंया उपलब्ध कराया गया।

इसके अलावा गावों में गोपालक कृषकों के लिए पशुधन जागरूकता कार्यक्रमों केआयोजन सहित गोवर्धन केंद्रों में प्राथमिक उपचार किए गए और गांव के किसानों को पशुओं को होने वाले मौसमी बीमारियों के बारे समझाइश दी गई। जेएसपी फाउंडेशन द्वारा उप संचालक पशु चिकित्सा सेवाएं विभाग रायगढ़ की सहभागिता में विश्व पशु चिकित्सा दिवस के अवसर पर संबलपुरी आदर्श गोठान में गोधन के लिए जांच एवं उपचार शिविर आयोजित किये गए। शिविर में पशु चिकित्सा सेवाएं विभाग के उप संचालक डॉ. डीडी झारिया, डॉ विजय सिंह एवं उनकी टीम ने सेवाएं दी। इस दौरान गाय बछड़े में होने वाले डिबिलिटी एडीवर्मिंग, एनोरेक्सिया, फ़ीवर, घाव एलेमनेस जैसे बिमारियों के उपचार किए गए और उनके लिए दवाइंया उपलब्ध कराइ गई। शिविर के दौरान जेएसपी सीएसआर प्रभारी जीतेन्दर घई, वेटेनरी डॉ. विवेक पटेल एवं सहायक हेमलाल साहू उपस्थित रहे। विश्व पशु चिकित्सा दिवस पर आयोजित कार्यक्रमों के दूसरे चरण में क्रमशः जिले के 9 ग्रामों में संचालित गोवर्धन क्रांति केंद्र में परियोजनान्तर्गत एकताल, केसला, जमरंगा, खडगाव, रुपूँगा, लेबड़ा, सपनई, भेलवाटिकरा, तिलगा में गोधन व पशुपालकों के लिए पशुधन जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। ग्राम जामपाली में आयोजित कार्यक्रम के दौरान पशुओं में होने वाली बीमारी खुरहा, चपका, गलघोंटू, कटंगिया पीपी आर व ईटी जैसे रोग के बारे में जानकारी दी गई और उसके रोकथाम व उपचार के बारे में विस्तार से समझाइश दी गई।

चल रइगढ़िया वोट देवईया का नारा गूंजा

# साइकिल रैली निकालकर मतदान का संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

लोकसभा निर्वाचन 2024 के अवसर पर स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत मतदाता जागरूकता अभियान के तहत स्वीप साइकिल रैली का आयोजन किया गया। साइकिल रैली के माध्यम से मतदाताओं को जागरूक करने का प्रयास किया गया।

साथ ही यह आव्हान किया गया कि 7 मई को होने वाले मतदान में वे शत प्रतिशत भागीदारी सुनिश्चित करें। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कार्तिकेया गोयल के निर्देशन में साइकिल रैली का नेतृत्व सीईओ जिला पंचायत एवं स्वीप नोडल अधिकारी जितेन्द्र यादव कर रहे थे। इस दौरान आयुक्त नगर निगम सुनील कुमार चंद्रवंशी भी साथ उपस्थित रहे।




उल्लेखनीय है कि 7 मई को जिले में होने वाले मतदान में सौ फीसदी भागीदारी के लिए चलाये जा रहे स्वीप अभियान के तहत आज स्वीप साइकिल रैली का आयोजन किया गया। साइकिल रैली को सीईओ जिला पंचायत जितेन्द्र यादव ने हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत जितेन्द्र यादव ने कहा कि सभी मतदाताओं को 7 मई को होने वाले मतदान में अवश्य भाग लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि हर एक वोट बेहद कीमती है। इसका उपयोग हमें स्वयं कर दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करना चाहिए। साइकिल रैली प्रातः 7 बजे से कलेक्टोरेट रायगढ़ से शुरू होकर केलो विहार कालोनी, रोज गार्डन, डिग्री कालेज के पास से होते हुए पुनः कलेक्टोरेट में संपन्न हुई। साइकल रैली में सीईओ जनपद रायगढ़ राजेश साहू, जिला शिक्षा अधिकारी बी बाखला, डीएमसी नरेन्द्र चौधरी सहित नगर निगम, शिक्षा विभाग के अधिकारी-कर्मचारी एवं जनसामान्य शामिल हुए।

29- APR-Jash-CORIYA-RAGH-SARGUJA-Bhoomi pg-2_Layout 1 4/29/2024 8:10 PM Page 1



## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड


## क्या भारत में बैन हो गई 'मंकी मैन'? आखिर कहां अटक गई देव की हॉलीवुड फिल्म



देश की अधिकतर प्रशासनिक मशीनरी के लोकसभा चुनाव में व्यस्त होने और बीते पखवाड़े लगातार छुट्टियां होने के चलते अभिनेता और निर्देशक देव पटेल की बहुचर्चित फिल्म 'मंकी मैन' के भारत में रिलीज होने की तारीख अब तक तय नहीं हो पाई है। हिंसा के अतिरेक से भरपूर फिल्म 'मंकी मैन' में हिंदू देवी देवताओं का जिक्र पश्चिमी देशों के नजरिये से किया जाना भी फिल्म के रास्ते में बड़ी बाधा है। जानकारी के मुताबिक अब तक फिल्म को सेंसर सर्टिफिकेट नहीं मिल पाया है। भारतीय सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए हर विदेशी फिल्म को केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड जिसे आम बोलचाल में सेंसर बोर्ड कहा जाता है, में आवेदन करना होता है। यूनीवर्सल पिक्चर्स फिल्म 'मंकी मैन' को भारत में रिलीज करने के लिए अरसे से बेताब रहा है और उसके स्थानीय अधिकारियों ने फिल्म को सेंसर बोर्ड में जरूरी कागजात के साथ जमा भी कर दिया है। लेकिन, सेंसर बोर्ड के सूत्र बताते हैं कि ये फिल्म अब तक परीक्षण समिति (एग्जामिनिंग कमेटी) ने देखी ही नहीं है। बताया तो यहां तक जाता है कि इसके लिए समिति का गठन होना ही शेष है। परीक्षण समिति के फिल्म देखने के बाद ही किसी फिल्म को उसकी कहानी व उसके नजरिये के मुताबिक सेंसर प्रमाण पत्र मिलता है। फिल्म 'मंकी मैन' का ट्रेलर हिंसा के अतिरेक से भरा हुआ और माना यही जा रहा है कि ये फिल्म भारत में 'केवल वयस्कों के लिए' प्रमाण पत्र के साथ ही रिलीज होगी। फिल्म 'एनिमल' अपने हिंसक दृश्यों के लिए हालांकि भारत में रिकॉर्ड सफलता हासिल कर चुकी है, लेकिन फिल्म 'मंकी मैन' की दिक्कतें और भी हैं। और, इसमें सबसे ऊपर जो दिक्कत बताई जा रही है, वह है हिंदू देवी देवताओं के संदर्भ। बीच में, अफवाह ये भी उड़ी थी कि फिल्म 'मंकी मैन' को भारत में प्रतिबंधित कर दिया गया है। ब्रिटेन में रहने वाले भारतीय मूल के अभिनेता देव पटेल इस फिल्म में अभिनय के साथ साथ इसका निर्देशन भी कर रहे हैं। यह उनकी बतौर निर्देशक पहली फिल्म है। फिल्म अमेरिका समेत दुनिया के तमाम दूसरे देशों मे रिलीज हो चुकी है। पर, फिल्म के भारत में रिलीज होने का रास्ता अब तक साफ नहीं हुआ।

### टॉलीवुड

## 'गैंग्स ऑफ गोदावरी' का टीजर जारी, राउडी अंदाज भा गया



प्रभावशाली 'राउडी फेलो' और एक आकर्षक रोमांटिक-कॉम, 'चल मोहन रंगा' के साथ अपने निर्देशन की शुरुआत के बाद, प्रतिभाशाली निर्देशक कृष्णा चैतन्य ने अब एक रोमांचक नए उद्यम, 'गैंग्स ऑफ गोदावरी' के लिए युवा नायक विश्वक सेन के साथ मिलकर काम किया है। अपनी पिछली शैली से हटकर, निर्देशक और अभिनेता दोनों इस एक्शन से भरपूर फिल्म के साथ दर्शकों का दिल जीतने आ रहे हैं। इसी बीच फैंस के उत्साह को और ज्यादा बढ़ाने के लिए निर्माताओं ने इसका टीजर जारी कर दिया है। टीजर लंकला रत्ना के चरित्र का एक मनोरंजक परिचय प्रदान करता है, जो नाटकीय रूप से साई कुमार के वॉयसओवर के साथ शुरू होता है। टीजर में, हम जबरदस्त एक्शन सीक्वेंस देखते हैं जहां विश्वक सेन का प्रदर्शन काबिल-ए-तारीफ है। आंध्र प्रदेश के लंका गांवों पर आधारित यह फिल्म कुछ गिरोहों के बीच झगड़े के बारे में लगती है। साथ ही इसके कुछ दमदार डायलॉग भी दर्शकों का खासा ध्यान आकर्षित कर रहे हैं। टीजर फिल्म के लिए काफी प्रत्याशा पैदा करता है। साथ ही एक अंधेरे और रोमांचकारी कथा की ओर इशारा करता है, जो राक्षसी दुनिया में लंकला रत्ना की गरीबों से अमीरी तक की यात्रा की पड़ताल करता है। युवान शंकर राजा के गहन पृष्ठभूमि स्कोर और अनिथ मधाडी के असाधारण दृश्यों के साथ, संपादक नवीन नूली की विशेषज्ञता से पूरित, 'गैंग्स ऑफ गोदावरी' एक सिनेमाई तमाशा का वादा करता है। कलाकारों में प्रमुख महिला के रूप में खूबसूरत नेहा शेट्टी और महत्वपूर्ण भूमिका में प्रतिष्ठित अंजलि शामिल हैं। सूर्यदेवरा नागा वामसी और साई सौजन्या द्वारा निर्मित, यह फिल्म कृष्ण चैतन्य के निर्देशन कौशल का एक नया पहलू दिखाती है, जो दर्शकों को एक महाकाव्य अनुभव देने के लिए तैयार है।

### भोजपुरी

## यश कुमार की 100वीं फिल्म 'दिलदार सांवरिया 2' की शूटिंग हुई शुरू



भोजपुरी सिनेमा के जानेमाने सितारे यश कुमार अपनी 100वीं फिल्म 'दिलदार सांवरिया 2' लेकर हाजिर हैं। उनकी पहली फिल्म 'दिलदार सांवरिया' भी लोगों को काफी पसंद आई थी। यश कुमार ने कहा- मेरी पहली फिल्म भी 'दिलदार सांवरिया' थी, जिसको दर्शकों ने खूब सराहा था और तब मैंने यह नहीं सोचा था कि एक दिन ऐसा आएगा जब हम अपनी 100 वीं फिल्म के रूप में अपनी पहली फिल्म का सीक्वल कर रहे होंगे। उन्होंने आगे कहा, 'लेकिन यह मेरे लिए बेहद सुखद अनुभूति वाला पल है कि हम एक और अच्छी फिल्म लेकर दर्शकों के बीच आ रहे हैं जो मेरी जिंदगी के लिए सबसे महत्वपूर्ण होने वाली है। यह दर्शकों के प्यार और आशीर्वाद के बिना संभव नहीं था। इसलिए मैं अपने दर्शकों से आग्रह करूंगा कि जब यह फिल्म भी रिलीज हो तो आप सभी इस सुपर-डुपर हिट बनाएं।' वहीं इस फिल्म को लेकर फिल्म के निर्देशक प्रमोद शास्त्री ने भी यश कुमार को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। फिल्म के मुहूर्त पर यश कुमार का आभार जताते हुए उन्होंने कहा कि मुझे अपनी 100वीं फिल्म में निर्देशन का मौका देने के लिए आभार। हम कामना करते हैं कि आप भोजपुरी सिनेमा में ऐसे ही आने वाले लंबे समय तक काम करते रहें।




## इंतजार नार्वे की बहार का

नॉर्वेजियन फैशन वीक फरवरी में रद्द कर दिया गया लेकिन उम्मीद जताई जा रही है कि अगस्त में पूरी शान के साथ लौटेगा। यह आज नॉर्वेजियन फैशन के लिए नॉर्वे में सबसे बड़ा प्रदर्शन मंच है। आयोजकों ने उम्मीद जताई है कि भविष्य में और बेहतर ढंग से यह फैशन की दुनिया के सामने आएगा। फिलहाल नार्वे में मॉडल इंतजार कर रहे हैं फैशन वीक की तारीख घोषित होने की।

## वैक्सिंग के बाद रूखे हो जाते हैं हाथ-पैर तो इनका करें इस्तेमाल



गर्मी का मौसम शुरू हो गया है। ऐसे में लोगों की त्वचा में भी कई तरह के बदलाव होने लगते हैं। महिलाएं इस मौसम में अपनी त्वचा का खास ध्यान रखती हैं, लेकिन फिर भी कुछ न कुछ परेशानी सामने आती रहती है। खूबसूरत दिखने के लिए महिलाएं अपने शरीर से अनचाहे बालों को हटाती हैं। इसके लिए वैसे तो कई तरह की हेयर रिमूवल क्रीम बाजार में मिल जाती है, लेकिन महिलाओं को अनचाहे बाल हटाने के लिए वैक्सिंग सबसे सही विकल्प लगता है।

वैक्सिंग द्वारा बाल हटाने में काफी दर्द होता है, लेकिन इससे आपकी त्वचा के अनचाहे बाल पूरी तरह से साफ हो जाते हैं। कई बार ये देखा जाता है कि वैक्सिंग के बाद त्वचा काफी रूखी हो जाती है। ऐसे में आप कुछ चीजों का इस्तेमाल करके इस रूखेपन से राहत पा सकते हैं। इस लेख में हम आपको इन्हीं चीजों के बारे में बताएंगे, जिनके इस्तेमाल से आपकी त्वचा भी मुलायम हो जाएगी।

**घी:** त्वचा पर घी लगाने से स्किन की काफी परेशानी कम हो जाती हैं। अगर वैक्सिंग के बाद आपकी त्वचा में जलन हो रही है, और त्वचा रूखी हो गई है, तो भी आप घी का इस्तेमाल कर सकते हैं। इससे आपको तत्काल राहत मिलेगी।

**एलोवेरा:** एलोवेरा में मौजूद तत्व त्वचा को ठंडक पहुंचाने का काम करते हैं। ऐसे में वैक्सिंग के बाद आप अपनी त्वचा पर एलोवेरा लगा सकते हैं। इससे त्वचा काफी मुलायम हो जाती है।

**गुलाब जल और ग्लिसरीन :** इन दोनों चीजों को मिलाकर अगर आप त्वचा पर लगाएंगे, तो आपको स्किन के रूखेपन से राहत मिलेगी। ये त्वचा की कई अन्य परेशानियों को भी कम करने में मदद करता है।

**मलाई:** अगर आपके फ्रिज में मलाई रखी है, तो त्वचा को मुलायम बनाने के लिए आप मलाई का इस्तेमाल कर सकती हैं। मलाई के इस्तेमाल से आपकी स्किन बहुत ही ज्यादा सॉफ्ट हो जाती है और आप बार-बार रूखेपन से परेशान नहीं होंगे।

## सिंपल सलवार-सूट लुक को खास बनाने में मदद करेंगे पोंचे के ये डिजाइंस




सूट लुक को खास बनाने के लिए डिजाइन और पैटर्न को बॉडी टाइप के अनुसार ही स्टाइल करना चाहिए। इसके लिए आप लेटेस्ट फैशन ट्रेंड पर नजर डालें। रोजाना पहनने हो या किसी ओकेजन के लिए कम्फ़र्टेबल लुक को कैरी करना हो। इसके लिए सलवार-कमीज बेस्ट ऑप्शन होता है। आमतौर पर कमीज के डिजाइंस में आपको काफी तरह की वेरायटी देखने को मिल जाएगी, लेकिन क्या आप जानती हैं कि स्टाइलिश दिखने के लिए आप सलवार को भी कस्टमाइज कर सकती हैं। सलवार के लिए आप इसके पोंचो पर काफी तरह के डिजाइन बनवा सकती हैं। तो चलिए देखते हैं सलवार के पोंचें के लिए कुछ खास डिजाइंस। साथ ही, बताएंगे आपने सलवार-कमीज लुक को स्टाइल करने के आसान टिप्स-

### पर्ल डिजाइन सलवार

पर्ल में आपको कई तरह के कलर ऑप्शन भी देखने को मिल जाएंगे। ज्यादातर इस तरह के मोती का इस्तेमाल पेस्टल कलर की सलवार में आप कर सकती हैं। इसके आलावा चाहे तो कट वर्क करके आप फैंसी लुक देने के लिए इस तरह से कई सारे पर्ल मोती को सलवार में लगवा सकती हैं। इसका पैकेट आपको 50 रुपये से भी कम में आसानी से मिल जाएगा।




### गोटा-पट्टी लेस डिजाइन सलवार

लेस वर्क को काफी तरह से कस्टमाइज करवाकर आप सूट की सलवार में लगवा सकती हैं। ज्यादातर इसका इस्तेमाल प्लेन फैब्रिक को थान से खरीदकर बनवाएं सूट को फैंसी लुक देने के लिए किया जाता है। इसमें आप चाहे तो आपस में मिलती-जुलती लेस का कॉम्बिनेशन बनवाकर पोंचे में लगा सकती हैं। इसमें आपको बारीक वाली किनारी लेस में काफी डिजाइन और कलर मिल जाएंगे।

### चिकनकारी डिजाइन सलवार

सलवार को क्लासी और फैंसी लुक देना चाहती हैं तो इस तरह से आप कढ़ाई वर्क का सहारा भी ले सकती हैं। कढ़ाई वर्क की बात करें तो गर्मी के मौसम में चिकनकारी कढ़ाई वर्क को काफी ज्यादा पसंद किया जाता है। कमीज के अलावा आप पोंचे में रफल बनवाकर ऊपर चिकनकारी डिजाइन वाली सलवार को चुन सकती हैं।

## कलर्ड हेयर पर भूल से भी नहीं इस्तेमाल करने चाहिए ये इंग्रीडिएंट्स



कलर्ड हेयर आपके लुक को बेहद खास बनाते हैं। हालांकि, अगर आप अपने कलर्ड हेयर पर कुछ चीजों का इस्तेमाल करते हैं तो इससे कलर फेड हो सकता है या फिर उसे नुकसान हो सकता है।

हम सभी अपने लुक को समय-समय पर बदलना चाहते हैं और इसलिए अक्सर कुछ ना कुछ चेंज करते हैं। ऐसे में बालों को कलर करवाना बेहद ही आम है। बालों के कलर करवाने से आपका ओवर ऑल लुक चेंज हो जाता है। हालांकि, कलर्ड हेयर तभी अच्छे लगते हैं, जब इनकी सही तरह से केयर की जाए। कलर्ड हेयर पर किसी भी तरह के प्रोडक्ट या फिर होम रेमिडीज को अप्लाई करने से पहले अधिक ध्यान देने की जरूरत होती है।

दरअसल, ऐसे कई चीजें होती हैं, जिन्हें अगर कलर्ड हेयर पर इस्तेमाल किया जाता है तो इससे ना केवल बाल डैमेज होते हैं, बल्कि उनका कलर भी फेड होने लगता है, जिससे आपका लुक खराब हो जाता है। जानते हैं, कुछ ऐसे ही इंग्रीडिएंट्स के बारे में बता रहे हैं, जिन्हें आपको अपने कलर्ड हेयर पर अप्लाई करने से बचना चाहिए-

**सिरका:** अक्सर लोग बालों को रिंस करने के लिए या फिर स्कैल्प बिल्डअप को क्लीन करने के लिए सेब के सिरके का इस्तेमाल करते हैं। लेकिन अगर आप इसे बार-बार अपने कलर्ड हेयर पर अप्लाई करते हैं तो इससे आपके बालों का रंग फीका पड़ सकता है। जिससे आपके बाल बेजान नजर आ सकते हैं।

**बेकिंग सोडा:** अगर आपके कलर्ड हेयर हैं तो आपको बेकिंग सोडा का इस्तेमाल भी करने से बचना चाहिए। बेकिंग सोडा बहुत अधिक अल्कलाइन होता है और ऐसे में यह आपके कलर्ड हेयर को नुकसान पहुंचा सकता है।

यह बालों का प्राकृतिक तेल और रंग छीन सकता है, जिससे वे अधिक रूखे, कमजोर व बेजान नजर आ सकते हैं।

## सिंपल चूड़ियों की सेलिब्रिटी स्टाइल में करें सेटिंग, लोग करेंगे तारीफ



महिलाओं का श्रृंगार चूड़ियों के बिना अधूरा है। एक अच्छी और फैंसी लुक वाली चूड़ी आपके सिंपल-सोबर लुक में चार-चांद लगा देती है। बाजार में भी आपको तरह-तरह के पैटर्न और डिजाइन में चूड़ियां मिल जाएंगी। मगर सबसे ज्यादा मुश्किल होता है कि चूड़ियों की मैचिंग या सेटिंग को नया अंदाज देना। आज हम आपको कुछ सेलिब्रिटीज द्वारा की गई चूड़ियों की सेटिंग स्टाइल दिखाएंगे, जिन्हें देख कर आप भी उन्हेंज रीक्रिएट कर सकती हैं।

आजकल बाजार में आपको हर रंग की चूड़ियां मिल जाएंगी। अगर आपके आउटफिर में 1 से अधिक रंग हैं तो 2 सबसे अधिक नजर आने वाले रंगों की चूड़ियों को आप मिक्स -मैच करके पहन सकती हैं। मिक्स-मैच करने के लिए आप सिंपल और एक जैसे पैटर्न की चूड़ियां खरीदे और उन्हेंह बंच में एक हाथ में पहन लें।

हाथों में अगर आप 2 रंग की चूड़ियां पहन रही हैं, तो आधा दर्जन एक रंग की और आधा दर्जन दूसरे रंग की चूड़ी पहनें। बाजार में आपको बहुत से पैटर्न की चूड़ियां मिल जाएंगी मगर इस तरह से अगर आप चूड़ियों की सेटिंग कर रही हैं तो आपको वेल्वेएट, थ्रेड वर्क या मेटल की चूड़ियां ही खरीदनी चाहिए।


हरे रंग की चूड़ियों का फैशन कभी भी पुराना नहीं होता है और आप इन्हेंक किसी भी ट्रेडिशनल आउटफिट और किसी भी रंग के साथ पहन सकती हैं। खासतौर पर किसी त्यो हार या फिर शादी के फंक्शन में आप हरे रंग की चूड़ियों को स्टाइलिश अंदाज में पहनना चाहती हैं, तो आपको गोल्ड न मेटल या कांच की चूड़ियों के साथ उन्हें सेट करके पहनना चाहिए। आप चाहें तो सोने की चूड़ियों के साथ भी हरे रंग की कांच की चूड़ियां पहन सकती हैं।

### कार्नर न्यूज

## मेन्स परफ्यूम में च्वाइस के साथ समझदारी भी जरूरी

## गर्मियों के मौसम में मेंस परफ्यूम खरीदते हुए रखें इन जरूरी बातों का ध्यान

परफ्यूम हमारी पर्सनैलिटी को एक जबरदस्त बूस्ट देता है। ये आपको कॉन्फिडेंस देता है, कि तन की दुर्गंध पास आने वाले किसी शख्स को तंग नहीं करेगी। परफ्यूम की फ्रेग्रेंस न सिर्फ आपके स्टाइल स्टेटमेंट को दिखाता है, बल्कि आपकी अच्छी ग्रूमिंग की आदतों के बारे में भी संकेत देता है। लेकिन, ज्यादातर लोग परफ्यूम पसंद कैसे करते हैं? कुछ तो टीवी पर ऐड देखकर वो वाला परफ्यूम खरीदते हैं, जिसे लगाने के बाद लड़कियां पीछे भागती हैं। भले ही उसकी फ्रेग्रेंस उन्हें खुद पसंद नहीं आई। आईए, जानते हैं कि गर्मियों के मौसम के लिए बेस्ट परफ्यूम कैसे खरीदा जाए।



### गर्मियों में कैसे परफ्यूम खरीदें?

गर्मियों के मौसम में बहुत तेज खुशबू वाले या गर्म मिजाज वाले परफ्यूम को लगाने से बचना चाहिए। जैसे, सर्दियों के मौसम के लिए हिना या मेहंदी की खुशबू वाले परफ्यूम बेस्ट हैं। लेकिन इनका इस्तेमाल गर्मियों के मौसम में नहीं करना चाहिए। गर्मियों में हल्की और भीनी खुशबू वाले परफ्यूम का प्रयोग करना चाहिए। इसकी फ्रेग्रेंस मन को शांत करे और रूमानी अहसास भी दे। अगर आप ऐसे परफ्यूम का चुनाव करते हैं, तभी परफ्यूम का पूरा आनंद ले सकेंगे।

### गर्मियों के मौसम के लिए बेस्ट परफ्यूम

गर्मियों में बेस्ट मेंस परफ्यूम के लिए हर किसी की अपनी च्वाइस हो सकती है। लेकिन फिर भी हम आपको 3 ऐसे प्रोडक्ट्स के बारे में बता रहे हैं, जो लो बजट में भी प्रीमियम फील पाने में हेल्प कर सकते हैं।

### विलेन हाइड्रा यू डे परफ्यूम फॉर मेन

विलेन हाइड्रा परफ्यूम (यू डे परफ्यूम) गर्मियों के मौसम के लिए बेस्ट परफ्यूम में से एक है। इस शानदार परफ्यूम के टॉप नोट्स में लेमन, मिंट, ग्रेपफ्रूट की खुशबू आती है। जबकि मिडिल नोट्स में जैस्मिन, जायफल और व्हाइट फ्लावर का फील आता है। जबकि बेस नोट्स में व्हाइट मस्क, सीडर और चंदन की सुगंध आती है। ये परफ्यूम आपको लंबे समय तक तरोताजा और फ्रेश फील पाने में मदद करेगा।


### विलेन द जोकर यू डे परफ्यूम फॉर मेन



विलेन द जोकर यू डे परफ्यूम फॉर मेन कॉलेज गोइंग स्टूडेंट्स के लिए बेस्ट च्वाइस हो सकता है। इस परफ्यूम को न सिर्फ इंडोर बल्कि आउटडोर के लिए भी बेस्ट माना जाता है। इस परफ्यूम के बेस नोट्स में अंबरवुड, पिचूली, ओकमॉस और खस के नोट्स मिलते हैं।

29- APR-Jash-CORIYA-RAGH-JANJ-Bhoomi pg-3_Layout 1 4/29/2024 8:13 PM Page 1






# दीपक की फिल्म टिप्सी का ट्रेलर रिलीज...

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता-फिल्मकार दीपक तिजोरी की आने वाली फिल्म टिप्सी का ट्रेलर रिलीज हो गया है। फिल्म का निर्माण राजू चड्ढा और दीपक तिजोरी ने किया है। टिप्सी का निर्देशन दीपक तिजोरी ने किया है। सना खान और अनीता शर्मा फिल्म की सह-निर्माता हैं। टिप्सी का ट्रेलर रिलीज हो गया है। ट्रेलर की शुरुआत गोवा जैसे खूबसूरत शहर से होती है। जहां पांच लड़कियों का एक ग्रुप घूमने जाता है, लेकिन इन लड़कियों के लिए ये गोवा का ट्रिप आफत बन जाएगा। इसके बारे में नहीं पता था। गर्ल्स का ये ट्रिप उन्हें जेल की हवा खाने पर मजबूर कर देता है। ट्रेलर में दीपक तिजोरी की भी दमदार एंट्री देखने को मिलती है।


## लाइफ Style

# मनीषा
## 'हीरामंडी' में दिखाएंगी बागी अवतार

एजेंसी ▶▶ मुंबई

सुभाष घई की फिल्म 'सौदागर' से अपने बॉलीवुड करियर की शुरुआत करने वाली मनीषा कोइराला इन दिनों खूब चर्चा में हैं। उनका सुर्खियों में होना भी वाजिब है, क्योंकि संजय लीला भंसाली के करियर की पहली वेब सीरीज 'हीरामंडी' में वह बेहद अहम भूमिका निभा रही हैं।

खास बात यह है कि भंसाली, मनीषा के पसंदीदा निर्देशक रहे हैं। हाल ही में उन्होंने निर्देशक के साथ-साथ इस सीरीज में अपने किरदार पर बात की। 'हीरामंडी' में मनीषा सबसे वरिष्ठ अभिनेत्री हैं। अपने बागी किरदार 'मल्लिका जान' पर मनीषा ने कहा, मैंने ऐसा किरदार पहले कभी नहीं किया और मुझे मालूम नहीं था कि मैं कैसे करूंगी, लेकिन इतना मालूम था कि मैं जान दे दूंगी, जान लगा दूंगी और जो भी संजय हमसे करवाना चाहते थे, वह एकदम पूरे समर्पण के साथ करूंगी। ये बहुत, बहुत, बहुत ही नया किरदार है मेरे लिए। मनीषा के मुताबिक, 'हीरामंडी' में बहुत सी कहानियां हैं। इसमें कई सीजन तक आगे जाने की सामग्री है। इस सीरीज में ऋचा चड्ढा, अदिति राव हैदरी, सोनाक्षी सिन्हा, संजीदा शेख और शरमीन सहगल भी अहम भूमिका में हैं। 'हीरामंडी' को भंसाली ने हिंदी सिनेमा की कालजयी फिल्म 'मुगल-ए-आजम' की तर्ज पर बनाया है। इसके हर फ्रेम में कला का काम है। यह सीरीज 1 मई को नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होगी। मनीषा ने भंसाली संग पहली बार '1942: ए लव स्टोरी' में काम किया था। भंसाली इस फिल्म के सहायक निर्देशक थे। जब मनीषा से भंसाली के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा, बतौर निर्देशक उनमें जबरदस्त बदलाव आए हैं।




## हॉलीवुड मसाला




# जीता पत्नी से तलाक मुकदमा

**लॉस एंजिलस।** हॉलीवुड स्टार जॉनी डेप ने इंग्लैंड के बर्मिंघम में अपने दोस्तों के साथ एक खास सेलिब्रेशन किया। डिनर पर 62,000 डॉलर या 48.22 लाख रुपये खर्च किए। डेप ने रेस्तरां में इंडियन फूड, कॉकटेल और शैंपेन की दावत दी। अभिनेता ने बुधवार को एक बड़ी जीत हासिल की, जब उन्हें 36 साल की एक्स वाइफ एम्बर हर्ड के खिलाफ मानहानि के मुकदमे में 10.35 मिलियन डॉलर का फैसला सुनाया गया। पार्टी में जॉनी डेप अपने म्यूजीशियन दोस्त और साथी जेफ बेक सहित 20 अन्य शामिल हुए।




# जेनिफर व बेन ने 20 साल बाद फिर की सगाई

**लॉस एंजिलस।** हॉलीवुड अभिनेत्री और सिंगर जेनिफर लोपेज और अभिनेता बेन एफ्लेक ने सगाई कर ली है। सिंगर ने अपनी ऑफिशियल वेबसाइट पर पुष्टि की है कि वह बेन से सगाई टूटने के लगभग 18 साल बाद 2021 में एक-दूसरे के करीब आने के बाद अब शादी के बंधन में बंधने की योजना बना रही हैं। जेनिफर लोपेज और 49 साल के बेन एफ्लेक ने पहली बार फिल्म 'गिगली' में काम करने के बाद डेटिंग शुरू की थी। करीब 52 साल की रोपेज ने सबसे पहले अपने फेसबुक और इंस्टाग्राम पेज पर यह घोषणा की, जिसके बाद उन्होंने अपने करीबी लोगों के साथ इससे जुड़ा एक ईमेल साझा किया। लोपेज की वेबसाइट पर प्रशंसकों के लिए साझा किए गए संदेश में सिंगर की एक क्लिप शामिल थी, जिसमें सगाई की हीरे की अंगूठी की तारीफ की गई थी।



# 'तेरा चेहरा' पर बनाई आम्रपाली ने रील

**मुंबई।** भोजपुरी स्टार आम्रपाली दुबे ने म्यूजिक कंपोजर अदनान सामी के गाने 'तेरा चेहरा' पर रील बनाई और इसे शेयर करते हुए गाने के प्रति अपनी दीवानगी को साझा किया। आम्रपाली ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो पोस्ट किया, जिसमें वह एक्ट्रेस रानी मुखर्जी पर फिल्माए गए गाने 'तेरा चेहरा' पर लिप-सिंक करती नजर आ रही हैं। आम्रपाली जल्द ही प्रदीप पांडे और संचिता बनर्जी स्टारर अपकमिंग फिल्म 'कभी खुशी कभी गम' में दिखाई देंगी. फिल्म का निर्देशन प्रेमांशु सिंह ने किया है। आम्रपाली ने अपने एक्टिंग करियर की शुरुआत 2008 में शो 'सात फेरे: सलोनी का सफर' से की थी। भोजपुरी सिनेमा में उनकी एंट्री 2014 की फिल्म 'निरहुआ हिंदुस्तानी' से हुई. तब से, वह 'निरहुआ हिंदुस्तानी 2 और 3', 'बॉर्डर', 'निरहुआ चलल लंदन' और 'शेर सिंह' में नजर आ चुकी हैं।



# 'खेल- खेल में' की रिलीज डेट जारी

अक्षय कुमार आने वाले दिनों में कई बड़ी फिल्मों में अपनी मौजूदगी दर्ज कराएंगे। 'खेल खेल में' उनकी आने वाली चर्चित फिल्मों में शुमार है। इस फिल्म से जुड़ीं कई जानकारियां सामने आई थीं, लेकिन रिलीज तारीख तय नहीं हुई थी। अब फिल्म की रिलीज को लेकर आधिकारिक घोषणा हो गई है। अक्षय इस फिल्म में तापसी पन्नू और वाणी कपूर के साथ नजर आएंगे। आइए जानते हैं पर्दे पर कब आएगी 'खेल खेल में'। यह फिल्म 6 सितंबर, 2024 को सिनेमाघरों का रुख करेगी। इसका पहला पोस्टर भी सामने आ गया है। यह फिल्म भूषण कुमार के प्रोडक्शन हाउस टी-सीरीज के बैनर तले बन रही है, जो कॉमेडी, ड्रामा और इमोशंस से भरपूर होगी। मुदस्सर अजीज ने इस फिल्म का निर्देशन किया है।

## टीवी मसाला

# दीपा को मिला खास शो, 'अटल' में निभा रहीं सुशीला बुआ का किरदार

**नई दिल्ली।** शो 'अटल' में सुशीला बुआ को चालाक और शातिर महिला के रूप में दिखाया जाएगा जो लोग उनका फेवर करते हैं, उनके लिए वह बहुत अच्छी हैं, लेकिन जो उनके काम के नहीं हैं, उनके लिए वह बेहद क्रूर हैं। अपने किरदार पर चर्चा करते हुए, दीपा ने कहा, 'सुशीला बुआ के चरित्र को बताने के लिए विधवा, कर्मकांडी, शातिर और लालची सबसे अच्छे शब्द हैं। उनके अनुसार, किसी व्यक्ति का स्वार्थ और लालच यह तय करते हैं कि आप उन्हें पसंद करते हैं या नहीं। उनका किरदार वाजपेयी के घर में, खास तौर से अटल (व्योम ठक्कर) और कृष्णा देवी (नेहा जोशी) के लिए चुनौतीपूर्ण स्थिति पैदा करेगा। यह कहानी में एक नया ट्विस्ट और ड्रामा लाएगा। शो में सुशीला बुआ की एंट्री 29 अप्रैल को प्रसारित हुए एपिसोड में हुई। दीपा ने कहा, 'नीति का पढ़ाई को समर्थन और अटल के रुख के खिलाफ सुदर्शन त्रिपाठी, नीति के दोस्तों के पैरेंट्स को उकसाता है और वे आकर अटल के खिलाफ नारे लगाने लगते हैं, जिससे कृष्णा देवी आहत हो गईं। सुशीला बुआ अगली सुबह वाजपेयी के घर पहुंचती हैं और जबरदस्ती इज्जत पाने की अपेक्षा करती हैं और कृष्णा देवी से अपने पैर धोने के लिए कहती हैं। एक्ट्रेस ने कहा, 'वह यह भी मांग करती हैं कि कृष्णा देवी और कृष्ण बिहारी वाजपेयी अवध और सरस्वती को घर वापस लाएं और वह उनके लौटने के बाद ही घर में प्रवेश करेंगी।



## अन्नपूर्णा को मिला दिलचस्प रोल

**नई दिल्ली।** अन्नपूर्णा भैरी एक अच्छी एक्ट्रेस हैं. उन्हें अब दर्शक टीवी शो 'चाहेंगे तुम्हें इतना' में 'दादी' का किरदार निभाते हुए देखेंगे। शो में अन्नपूर्णा, अमित की मां और अमृता की सास के किरदार में हैं। एक्ट्रेस ने अपने किरदार को लेकर उत्साह व्यक्त किया और बताया कि यह उनके वास्तविक जीवन के व्यक्तित्व के बिल्कुल विपरीत है। एक्ट्रेस ने कहा, 'चाहेंगे तुम्हें इतना' में मेरा किरदार गिरिजा देवी का है, जो एक ऐसी महिला है जिसने प्रभुत्व के कौशल में महारत हासिल की है। वह बहुत पुराने विचारों वाली हैं और चाहती हैं कि पूरा परिवार उन नियमों का पालन करें, जिनमें वह विश्वास करती हैं। अन्नपूर्णा ने आगे कहा, 'असल जिंदगी में मैं बिल्कुल अलग हूं. ऑफ-स्क्रीन मेरा स्वभाव बहुत नरम है और मुझे किसी पर हावी होना पसंद नहीं है। यह भूमिका मेरे साथ-साथ दर्शकों के लिए भी एक रोलर कोस्टर राइड होगी। जैसे-जैसे 'चाहेंगे तुम्हें इतना' में सिद्धार्थ और आशी की शादी की कहानी आगे बढ़ेगी, दादी एक अहम मोड़ लाएगी।





# जब डांस फ्लोर नाचते हुए रोमांटिक हुए एवरग्रीन हेमा-धर्मेंद्र

**मुंबई।** बॉलीवुड की एवरग्रीन जोड़ी एक्ट्रेस हेमा मालिनी और धर्मेंद्र एक बार फिर अपने रोमांटिक अंदाज को लेकर सुर्खियों में हैं। वयोवृद्ध अभिनेता धर्मेंद्र और हेमामालिनी की जोड़ी दर्शकों द्वारा खूब पंसद की गई। यही वजह थी कि हेमा मालिनी और धर्मेंद्र पर्दे पर दो दर्जन से अधिक फिल्मों में रिपीट की गई। हेमामालिनी-धर्मेंद्र की जोड़ी पर्दे पर ही नहीं, रियल जिंदगी में भी सुपर हिट है। साथ-साथ काम करते-करते दोनों को प्यार हुआ और सभी बंधनों को तोड़ दोनों शादी कर ली जबकि धर्मेंद्र पहले से शादीशुदा थे।

***ड्रीम गर्ल के गाने पर किया रोमांटिक डांस :*** अक्सर पार्टीज में साथ-साथ नजर आने वाले धर्मेंद्र और हेमा मालिनी की जोड़ी का हाल में एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें हीमैन धर्मेंद्र अपनी ड्रीम गर्ल के साथ रोमांस करते हुए नजर आ रहे हैं। खास बात ये है कि बैकग्राउंड में ड्रीम गर्ल वाला गाना ही प्ले हो रहा है।

***वीडियो इंडियाज गॉट टैलेंट के तीसरे सीजन का :*** धर्मेंद्र-हेमामालिनी का डांस वीडियो रियलिटी शो इंडियाज गॉट टैलेंट के तीसरे सीजन का है। जिसमें धर्मेंद्र और उनकी पत्नी हेमा मालिनी गेस्ट के तौर पर आए हैं। उनके साथ उनकी बेटी ईशा देओल भी हैं. शो की कंटेस्टेंट हेमा और धर्मेंद्र से डांस की रिक्वेस्ट करती है, तो दोनों स्टेज पर आते हैं। फिर जो कुछ होता है, वह लोगों को रुमानी बनाने के लिए काफी है।

# *फिल्म इंडस्ट्री को लेकर परिणीति का बड़ा खुलासा*

***मुंबई।*** *बॉलीवुड अभिनेत्री परिणीति चोपड़ा का कहना है कि फिल्म इंडस्ट्री में नेपोटिज्म वास्तविक हो भी सकता है और नहीं भी, लेकिन यहां फेवरेटिज्म जरूर चलता है। परिणीति ने नेपोटिज्म और फेवरेटिज्म पर खुलकर बात की है। उन्होंने कहा कि लोग नेपोटिज्म की बात करते हैं, लेकिन उन लोगों पर और ज्यादा दबाव होता है जिसका कोई इंडस्ट्री में होता है। उनकी वजह से आपको पहला मौका मिल जाता है, लेकिन लोग स्टार का बच्चा सुपरस्टार की बहन कहते हैं। यदि आप काम अच्छा नहीं करेंगे तो दर्शक रिजेक्ट कर देंगे। उन्होंने कहा कि यदि मेरी बहन (प्रियंका चोपड़ा) उस दिन यशराज फिल्म्स में शूटिंग न कर रही होती, जिस दिन मैं वहां मार्केटिंग की नौकरी पाने के लिए गई थी, तो वह मुझे नहीं मिलती। मेरे घर से कोई एक्टर हैं, इसलिए मैं किसी फिल्म के सेट पर जा पाई, लेकिन बहन के स्टार होने से मुझे कोई फायदा नहीं हुआ, नहीं तो मेरी भी फिल्में चलती।*



## 2023 की 1 मूवी ने तोड़ा सबका रिकॉर्ड, लिस्ट में ऐसी मूवी भी है

# ओटीटी पर मौजूद हैं वो फिल्में, जिन्हें मिली है सबसे हाई रेटिंग

***मुंबई।*** *बहुत सारे लोग किसी भी फिल्म को देखने से पहले उसकी आईएमडीबी रेटिंग पता करते हैं। अगर रेटिंग अच्छी है, तभी वह फिल्मों को देखते हैं। ऐसे में हम आपको कुछ ऐसी फिल्मों के बारे में बताते हैं, जिन्हें आईएमडीबी पर 8 से ज्यादा रेटिंग मिली है। सभी एक से एक धांसू फिल्म हैं, जिनका लुत्फ आप अपने मोबाइल, टीवी या फिर लैपटॉप पर उठा सकते हैं। लिस्ट में ऐसी मूवी भी है, जिसकी रेटिंग सबसे ज्यादा यानी 10 में से 9 है।*




**सीता रामम :** दुलकर सलमान और मृणाल ठाकुर की ये मूवी साल 2022 में रिलीज हुई थी। 'सीता रामम' एक शानदार लव स्टोरी मूवी है, जिसे लोगों ने खूब पसंद दिया। आईएमडीबी पर फिल्म की रेटिंग 10 में से 8.5 है। इसे आप डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर देख सकते हैं।

**12वीं फेल :** विक्रांत मैसी की ये मूवी साल 2023 में आई थी। यह आईपीएस मनोज कुमार शर्मा की बायोपिक है, जिसमें उनकी जिंदगी और संघर्ष की कहानी को बयां किया गया है। इस मूवी को 10 में से 9 रेटिंग मिली है। इसका लुत्फ आप डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर उठा सकते हैं।




**एमएस धोनी- द अनटोल्ड स्टोरी :** सुशांत सिंह राजपूत की ये मूवी साल 2016 में आई थी। यह भारत के मशहूर क्रिकेटर महेंद्र सिंह धोनी की लाइफ पर बनी है। आईएमडीबी पर 8 रेटिंग के साथ यह फिल्म डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर मौजूद है।






**छिछोरे :** स्टूडेंट लाइफ पर बनी ये फिल्म साल 2019 में आई थी। सुशांत सिंह राजपूत, श्रद्धा कपूर, वरुण शर्मा और अन्य कई सितारों ने फिल्म में काम किया था। 'छिछोरे' को आईएमडीबी पर 8.3 रेटिंग मिली थी। यह मूवी डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर अबेलेबल है।



**बाहुबली 2 :** सुपरस्टार प्रभास की 'बाहुबली 2' फिल्म साल 2017 में रिलीज हुई थी। यह अब तक की सबसे धांसू इंडियन फिल्मों की लिस्ट में शुमार है। 'बाहुबली 2' की आईएमडीबी पर 10 में से 8.2 रेटिंग है। यह मूवी डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर धड़ल्ले से स्ट्रीम हो रही है।

**खबर संक्षेप**

## चार्टड डे पर लीनेस क्लब ने बांटे शीतल पेय

**रायगढ़।** शहर और पूरा अंचल तेज गर्मी के चपेटे में है। इस गर्मी में विभिन्न सड़कों पर राहगीर रास्ते में प्यास से व्याकुल दिखते हैं और परेशान होते हैं। राहगीरों को इस परेशानी से कुछ राहत मिले, इस उदेश्य से सेवांजली क्लब के सभी सदस्यों ने बोईरदादार स्थित दुर्गा मंदिर प्रांगण में स्टॉल लगाकर घर से बनाकर लाए स्वादिष्ट आम पनाए रसना शर्बत एवं नीबू पानी का वितरण किया गया। जिसमें रोड पर निकलने वाले राहगीरों और वाहनों को रोककर सभी को शर्बत वितरण किया गया स साथ ही सभी लोगों को मतदान दिवस 07 जून को अनिवार्य रूप से मतदान करने के लिए प्रेरित भी किया गया। मंदिर में भजन करने आयी महिलाओं को भी सेवांजली सदस्यों ने शर्बत वितरण कर आशीर्वाद प्राप्त किया। ऑल इंडिया लीनेस एरिया एडवाइजर सुमिता पांडेय और सेवांजली अध्यक्ष रजनी मिश्रा ने दुर्गा मंदिर की आयोजक समिति का इस कार्यक्रम में उनके सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया। चार्टर डे के उपलक्ष में आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से चार्टर अध्यक्ष ली सुमिता पांडेय, अध्यक्ष ली रजनी मिश्रा, सचिव ली बबली कुलवेदी, संरक्षक ली मंजरी गुरु, कोषाध्यक्ष ली रूपांजली देशमुख, चेयर पर्सन ली तनु शर्मा, ली ममता चौहान के साथ ली प्रिया पांडेय आदि लिनेस सखियों की सहभागिता रही।

## वैष्णव समाज तमनार का सामाजिक सम्मेलन

**तमनार।** वैष्णव समाज तमनार मण्डल का बृहद सामाजिक सम्मेलन ग्राम मिलूपारा के टिकेश्वर दास वैष्णव के मकान में 28 अप्रेल को संपन्न हुआ। मण्डल अध्यक्ष टिकेश्वरदास वैष्णव उपाध्यक्ष मुरलीधर बैरागी सचिव ओमप्रकाश बैरागी कोषाध्यक्ष दिव्यशंकर बैरागी आचार्य, लोकनाथ बैरागी, रमेश दास बैरागी दास, सह सचिव लम्बोदर वेष्णव संरक्षक तुलसी दास वेष्णव, सुरेश दास, उद्धव दास, घनश्याम दास कार्यकारिणी मण्डल अविनाश दास, नामदेव बैष्णव प्रफुल्ल एव केशव जितेन्द्र वैरागी लक्ष्मी दास, संतोष वैष्णव, घनश्याम उपस्थित रहे।

### परीक्षा परिणाम जारी होने के पहले आज

# सभी स्कूलों में शिक्षक-पालक सम्मेलन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



आने वाले समय में विभिन्न बोर्ड परीक्षाओं के परीक्षा परिणाम घोषित किए जाएंगे। परीक्षा परिणाम घोषित होने के पूर्व तनाव एक स्वाभाविक प्रक्रिया है, किंतु कई बार बच्चे उस तनाव के चलते अवसाद ग्रस्त हो जाते हैं। यह समय बच्चों एवं पालकों के लिए बहुत ही संवेदनशील होता है तथा तनाव में रहने के कारण विद्यार्थियों द्वारा कोई अप्रिय निर्णय लिए जाने की आशंका बढ़ जाती है। जैसे.जैसे बोर्ड परीक्षा परिणाम के दिन नजदीक आते जा रहे हैं, छात्रों के दिलों की धड़कन बढ़ने लगी है।

10वीं और 12वीं के छात्रों के चेहरे पर चिंता व तनाव साफ तौर पर देखा जा सकता है। लेकिन यह तनाव कई बार घातक भी साबित हो जाता है। यही कारण है कि इस वक्त छात्रों का ध्यान रखना बेहद जरूरी है। उनके डर को समझना, उनसे बात करते रहना और उनके मन में पनप रहे भावी परीक्षा परिणाम से उत्पन्न तनाव व अवसाद को दूर करने हेतु सार्थक व उपचारात्मक प्रयास व पहल करना उतना ही जरूरी। इसी तारतम्य में शिक्षा विभाग ने पालक शिक्षक बैठक पीटीएम समय समय पर लिए जाने की प्राथमिकता तय की है। इस संबंध में विभाग द्वारा यह निर्णय लिया गया है कि छात्र और पालकों को जागरूक करने हेतु दक्षता विकास प्रशिक्षण पीटीएम आयोजित किया जाए ताकि किसी अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए सार्थक प्रयास किया जा सके। इस हेतु यह बात विद्यार्थियों तथा माता पिता तक पहुंचाना बेहद लाजमी है किए परीक्षा परिणाम रिजल्ट आशा अनुरूप न होना जीवन का कोई अंतिम परीक्षा रिजल्ट नहीं है। हमारे समझ बहुत से ऐसे उदाहरण है जिन्होंने शिक्षा के दौरान अच्छा प्रदर्शन नहीं किया है किंतु वे जीवन में अत्यंत सफल रहे हैं। तथा वह हमारे प्रेरणा स्त्रोत रहे हैं। इस हेतु जन जागरण एवं सकारात्मक माहौल बच्चों एवं पालकों के मध्य लाना है।

पालक बच्चों पर अनावश्यक दबाव न बनाएं और न ही नकारात्मक प्रतिक्रिया देवे। ध्यान रखें तनाव ग्रसित बच्चों में पूर्व से ही कुछ लक्षण दिखाई देने लगते हैं यथा शांत मौन रहना, अकेले गुमसुम रहना, किसी काम में मन ना लगना, चिड़चिड़ापन, भूख नहीं लगना आदि। इन तथ्यों के आधार पर हमें समुचित निगरानी व्यवस्था सुनिश्चित करते हुए ध्यान रखना है। इस महत्वपूर्ण कार्य में बोर्ड कक्षाओं के कक्षा शिक्षकों, पालकों, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, मितानिनों, स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं एवं अन्य शासकीय अमलों का सहयोग लेना है जो शिक्षा से इस कार्य में जुड़ना चाहते हैं।

यदि किसी भी विद्यार्थी में तनाव के लक्षण दिखाई देते हैं और परामर्श की आवश्यकता प्रतीत होती है तो छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर के टोल फ्री नंबर 1800 23 34363 पर 1 मई से 15 मई तक समय प्रातः 10.30 बजे से सायं 5 तक तथा मानसिक स्वास्थ्य हेल्पलाइन टेलीमानस टोल फ्री नंबर 14416 पर 24/7 संपर्क कर निःशुल्क परामर्श प्राप्त कर सकते हैं।




## अनाथ हुई तीन माह की नवजात को मातृ निल्यिम संस्था ने दिया सहारा

**रायगढ़।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एवं थाना पूंजीपथरा पुलिस टीम दोनों मिलकर पूंजीपथरा में यहाँ एक पति ने पत्नी को अधमरा होने तक पीटा और फिर मरने की हालत में उसे उसके तीन महीने के बच्चे को छोड़कर भाग गया। उसके बाद उसने रिश्तेदारों को फोन कर घटना की जानकारी दी। इसके पहले कि वे महिला की मदद करते उसकी मौत हो गई। सविता ने रिश्तेदारों से कहा कि वे बच्चे को साथ ले जाएं अब उसका सविता का बचना मुश्किल है। बदहवास रिश्तेदार आसपास में डॉक्टर या अस्पताल पहुंचाने के लिए संसाधन ढूंढने लगे। थोड़ी देर में लौटे तब तक सविता की मौत हो चुकी थी। पुलिस आरोपी पति की तलाश कर रही है। तीन माह के बच्चे को किसी का भी सहारा नहीं मिला तभी थाना छाल पीएलवी मौसमी शर्मा से चाइल्ड हेल्प लाइन में फ़ोन कर जानकारी दी।

# भीषण गर्मी में बिजली के आंख मिचौली, ब्लैक आउट की स्थिति

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरसींवा



■ भीषण गर्मी में जहरीले जंतुओं का खौफ, बढी स्वास्थ्य समस्याएं

29 अप्रैल सरसींवा क्षेत्र में इस समय आए दिन विद्युत की कटौती हो रही है हर 5 से 10 मिनट में एकाएक बिजली का आने जाने का खेल चालू है जैसा कि इस समय गर्मी अपने चरम पर है। इस समय दिन में पारा 43 के पार तक चले जा रहा और लोगों को भीषण गर्मी का सामना करना पड़ रहा। जहाँ बिजली की दिन और रात में बार बार कटौती से आमजन बेहद परेशान है। बिजली की अघोषित कटौती एलोड शेडिंग, फाल्ट जैसी समस्याओं से इस भीषण गर्मी में चारो ओर त्राहिमाम है।

इस चिलचिलाती धूप में जहाँ लोगो को कूलर पंखे की हवा राहत दे रही वही विद्युत की आये दिन कटौती से लोगों का जीना दूभर हो गया है। लोगों का कहना है कि ठंडी,गर्मी,बरसात चाहे जैसा भी मौसम आए मेंटेनेंस के नाम पर दिन दिन भर बिजली कटौती कर दी जाती है इसके बाद भी आये दिन अघोषित बिजली कटौती का सिलसिला बरकरार रहता है वही लोड शेडिंग के नाम पर या नगर में एक स्थान में कार्य करने के लिए पूरे क्षेत्र की विद्युत आपूर्ति काट दी जाती है। विडम्बना यह है कि छत्तीसगढ़ में सरप्लस विद्युत उत्पादन होने के बावजूद भी ग्रामीण अंचल आज भी विद्युत कटौती से जूझ रहा है। गत दिनों रात्रि में पांच घण्टे से अधिक समय तक क्षेत्र की बिजली कटी रही जिससे पूरे क्षेत्र में ब्लैकआउट की स्थिति बन गई और कूलर पंखे की गति घण्टो रुकते ही लोग हलाकान हो गए। वही इस भीषण गर्मी के चलते ग्रामीण क्षेत्रों में गर्मी के चलते लोगो को स्वास्थ्यगत समस्याएं भी हो रही है।

# सारंगढ में रन टू वोट का आयोजन

**सारंगढ़।** मतदाता जनजागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से भारत माता चौक में सुबह 6 बजे से जिला प्रशासन द्वारा रन टू वोट कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें कोई भी नागरिक भाग लें सकता है। यह ओपन दौड़ सारंगढ़ से ग्राम कोतरी तक किया गया।

■ जागरूकता दौड़ में मनोज व सरोजनी प्रथम

भारत माता चौंक पर ही पीटीआई द्वारा दौड में भाग लेने वालों का रजिस्ट्रेशन कार्य किए। चुनाव आयोग के निर्देश पर मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत यह कार्यक्रम आयोजित था। लोकसभा निर्वाचन को लेकर कलेक्टर धर्मेश साहू की उपस्थिति में स्वीप नोडल हरिशंकर चौहान एवं सहायक निर्वाचन अधिकारी वासु जैन के मार्गदर्शन पर स्वीप दौड़ का श्रीगणेश हुआ। इस दौड़ में कलेक्टर



साहू, नोडल चौहान एसडीएम जैन एवं डॉ. आरएल सिदार के साथ ही साथ अन्य अधिकारियों ने भी दौड़ लगाई।जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर धर्मेश साहू के द्वारा स्वीप कार्यक्रम तहत विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से जिले में मतदाताओं को 7 मई को मतदान के लिए जागरूक किया जा रहा है। जिसके तहत दीप प्रज्वलित कर कैंडल मार्च निकाल, नव विवाहित वधुओं को शपथ, रंगोली प्रतियोगिता, क्रिकेट प्रतियोगिता के साथ सोमवार को स्वीप दौड़ का आयोजन किया गया था, जिसमें 50 प्रतिभागियों ने प्रतियोगिता में भाग लिया। जिसमें प्रथम स्थान पुरुष में मनोज कुमार यादव, द्वितीय स्थान हेमलाल यादव, तृतीय स्थान राहुल खड़िया, वहीं इस दौड़ में महिलाओं ने भी दौड़ लगाया जिसमें सरोजिनी लकड़ा प्रथम, देवकुमारी उरांव द्वितीय, लता यादव तृतीय स्थान पर रही। भाग लेने वाले प्रतिभागियों को कलेक्टर सारंगढ़ श्री साहू ने क्रमशः 11 सौ 7 सौ व 5 सौ के नगद पुरस्कार के द्वारा सम्मानित किया।

# सुपरवाइजर को मंत्री की हिदायत आंबा कार्यकर्ताओं में संतोष

**पुसौर।** जनपद पंचायत पुसौर मुख्यालय में एकीकृत बाल विकास परियोजना कार्यालय स्थापित है जिसके अधीन 331 आंगनबाडी केन्द्र संचालित है जहां 11 सुपरवाईर व केन्द्र वाईज कार्यकर्ता एवं सहायिका भी नियुक्त है। जानकारी के मुताबिक कार्यालयीन स्टाफ सुपरवाईजर और कार्यकर्ता सहायिकाओं के बीच कभी कभी आपसी मतभेद होता रहा है जिसे आपस में सुलझा भी लेते रहे हैं और जब वही नहीं सुलझता वो कार्रवाई के लिए जिला प्रशासन एवं अन्य सक्षम अधिकारी के समक्ष पहुंचता है इसी कड़ी में इसी तरह का मामला आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा अपने रेंगालपाली, डुमरमुडा के सुपरवाइजर के मानमानी पर कार्रवाई करने क्षेत्रीय विधायक एवं वित्तमंत्री ओपी चौधरी के समक्ष आवेदन प्रस्तुत हुआ था जिसमें इन्हौने तत्काल संज्ञान में लिया और जिला कार्यालय में अटेच करते हुये उसे ताकिद भी कराया गया कि इस तरह के मामले की पुनरावृत्ति न हो। मंत्री जी के उक्त कार्रवाई पर क्षेत्र के सभी आंगनबाडी कार्यकर्ता जहां इनके प्रति आभार जता रहे हैं। उल्लेखनीय है कि कुछ वर्ष पूर्व नावापारा माण्ड-गोर्रा क्षेत्र के सुपरवाइजर की मानमानी भी इसी तरह का रहा जिसमें तंग आकर संबंधित कार्यकर्ताओं ने जिला प्रशासन सहित अन्य सक्षम अधिकारियों के समक्ष आवेदन प्रस्तुत किया था जिसमें इन्हें सफलता नहीं मिली बल्कि उल्टा मुंह की खानी पडी थी चूंकि तात्कालीन समय में आपसी संबंध को देखकर ही कार्यवाही होने की बात कही जाती थी। बहरहाल परियोजना कार्यालय द्वारा दर्जनों आंगनबाडी कार्यकर्ता और सहायिकाओं की नियुक्तियां होने जा रहे हैं इस बीच हल्का फुल्का आपसी छींटाकसी सुनने को मिल रहा है लेकिन वह संतुलन में है जिसके असंतुलित होकर गोते खाने के पर्याप्त संकेत मिल रहे हैं।

